श्री बंशीधर नगर शुक्रवार
19.06.2026
ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पंचमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 296

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

परिवार व समाज को बर्बाद कर देती है नशा >> पेज 03
राहा कपूर में दिखी मां आलिया भट्ट की झलक >> पेज 05

### सुविचार

अगर आप सभी नियमों का पालन करेंगे तो आप सारा मजा खो देंगे।

### न्यूज अपडेट्स

## झारखंड में बारिश नहीं होने से बढ़ा सामान्य से 5.9 डिग्री तापमान

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मानसून की बारिश नहीं होने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। राज्य में सबसे अधिक औसत तापमान चाईबासा में 5.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा डाल्टनगंज में तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री और राजधानी रांची में 2.5 डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया गया। गर्मी के साथ ही उमस भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक उमस बोकारो थर्मल में 79 प्रतिशत दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटनगंज में 42.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे लेकिन दोपहर बाद काले घने बादल छाए रहे। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 28.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42.4 और न्यूनतम 28.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 40.5 डिग्री और न्यूनतम 28.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**आतंकी घटना** ▶ संघ कार्यालय पर हमले का आरोपी मुठभेड़ के बाद पुनः गिरफ्तार

# पाकिस्तान के इशारे पर हुआ हमला

**रांची।** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित निवारणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के मामले में गिरफ्तार एक आरोपित गुरुवार को पुलिस हिरासत से फरार हो गया। बाद में मांडर टोल प्लाजा के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, सैफ नामक आरोपित को कोतवाली थाना में पूछताछ के लिए रखा गया था। गुरुवार दोपहर उसने बाथरूम जाने की अनुमति ली। बाथरूम के भीतर नल खोलकर उसने प्रहरी को भ्रमित किया और खिड़की के रास्ते झाड़ियों के सहारे थाने से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



(एसएसपी) से लेकर सिटी नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) और विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मांडर टोल प्लाजा के पास उसकी लोकेशन मिलने पर घेराबंदी की गई। इस दौरान आरोपित ने पुलिस का हथियार छीनने और फायरिंग करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वह घायल हो गया। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि घेराबंदी के दौरान आरोपित द्वारा पुलिस पर हमला करने की कोशिश की गई, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। घायल आरोपित को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले के मामले में अब तक तीन आरोपितों अमन अंसारी, सैफ और सयान खान को गिरफ्तार किया गया है। अमन अंसारी हाल ही में दुबई से भारत लौटा था। उसका आतंकवादी संगठन आईएसआई से संपर्क है। आईएसआई के कहने पर ही संघ कार्यालय पर हमला किया गया था। उसे इससे बड़ा भी कुछ करना था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है और आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का यह भी दावा है कि प्रारंभिक जांच में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं, जिनमें कथित अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की बात शामिल है। हालांकि, किसी भी संगठन या विदेशी एजेंसी की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है और जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

### आरएसएस कार्यालय पर हमले के तीन आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित निवारणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सैफ अंसारी, अमन अंसारी उर्फ गोलू और सायम सुजान शामिल है। इनके पास से घटना के समय पहने हुए कपड़े, रैपिडो कैब (सेन्ट्रो कार) और चार स्मार्टफोन बरामद किया गया। एसएसपी राकेश रंजन ने गुरुवार की रात प्रेस वार्ता में बताया कि 16 जून की देर रात चुटिया निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, झारखण्ड प्रदेश कार्यालय में अज्ञात अपराधियों के जरिये पेट्रोल बम फेंकने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में चुटिया थाना मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के जरिये सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन एवं तकनीकी सहयोग से काण्ड के मुख्य आरोपितों का चिन्हित किया गया। गठित एसआईटी के जरिये विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इसी क्रम में घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित दूसरे राज्य भागने के प्रयास में थे। इसी क्रम में कोडरमा के गझण्डी रेलवे स्टेशन के पास से घटना में शामिल आरोपित सैफ अंसारी और अमन अंसारी उर्फ गोलू को बोकारो एवं कोडरमा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सैफ अंसारी एवं अमन अंसारी उर्फ गोलू के जरिये अपना अपराध स्वीकार करते हुए सायम सुजान के साथ घटना को अंजाम देने की बात कही गई। जिसे छापेमारी के कम में रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के निशानदेही पर घटना के समय इनके जरिये पहने गये कपड़ों को लोअरबाजार थाना अंतर्गत नाले के समीप से बरामद एवं जब्त किया गया है। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच एवं पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले को आगे के अनुसंधान के लिए एटीएस से कराने के लिए अनुरोध किया गया था, जिसे स्वीकृति दी जा चुकी है। काण्ड का अग्रेतर अनुसंधान एटीएस झारखण्ड, रांची की ओर से किया जायेगा। वहीं, गिरफ्तार आरोपित सैफ अली कोतवाली थाना परिसर में स्थित शौचालय में शौच करने की बात कहकर शौचालय गये और इसी कम में तैनात पहराकर्मी को चकमा देते हुए वेंटिलेशन का ग्रील एवं शीशा तोड़कर भाग गया। भागने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी को अलर्ट किया गया। भागने के क्रम में आरोपित सैफ को मांडर थाना पुलिस के जरिये चामा मोड़ के पास वाहन चेंकिग में पकड़ा गया, जिसे निकटवर्ती थाना ले जाने के क्रम में सैफ अली ने पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर दोबारा पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें सैफ अली के पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव: बैद्यनाथ राम व परिमल नथवानी विजयी

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम और निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा। कुल 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में गुरुवार को हुए मतदान में झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम को 31 वोट मिले और वे आसानी से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। दूसरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत हासिल की। उन्हें कुल



30 वोट मिले थे, जिनमें से दो मत रद्द हो गए और अंतिम रूप से उनके खाते में 28 वैध वोट दर्ज किए गए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को 20 वोट प्राप्त हुए, जिनमें से एक वोट अमान्य घोषित किया गया। कुल तीन मत रद्द होने के बाद अंतिम गणना में बैद्यनाथ राम को 31 और परिमल नथवानी को 28 वैध वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार अपेक्षित समर्थन हासिल नहीं कर सके। चुनाव परिणाम के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। मतदान से पहले सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के नेताओं ने दोनों सीटों पर जीत का दावा किया था और एकजुटता की बात कही थी। हालांकि परिणामों ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिमल नथवानी की जीत को लेकर गठबंधन के भीतर क्रॉस वोटिंग और असंतोष की चचाएं भी तेज हो गई हैं। इस बीच झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वाम दलों के विधायकों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी 16 विधायकों ने प्रणव झा को वोट दिया। उल्लेखनीय है कि परिमल नथवानी देश के प्रमुख उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े रहे हैं और लंबे समय से झारखंड की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे दो बार झारखंड से राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2008 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा चुनाव जीता था। इसके बाद वर्ष 2014 में भी उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज कर उच्च सदन में अपनी उपस्थिति बरकरार रखी। अब तीसरी बार वे राज्यसभा पहुंचने में सफल हुए हैं।

### राजद व वामदल ने धोखा दिया : के राजू



**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा है कि राज्यडसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामदल ने धोखा दिया है। उन्होंने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परसिर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद और वामदल के विधायकों ने पैसा लेकर एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की है। के राजू ने कहा कि प्रणव झा को कांग्रेस के सभी 16 विधायकों का वोट मिला। इस परिणाम का सरकार की सेहत पर असर को लेकर के राजू ने कहा कि भविष्य में इस विषय को देखा जाएगा। साथ ही कहा कि सरकार में रहने को लेकर समीक्षा की जाएगी। वहीं मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी कहा है कि राजद और वामदल के विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश प्रभारी ने ऐसा बयान दिया, तो सही कहा होगा। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट थे। झामुमो का पर्याप्त सहयोग मिला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 04 मत का वादा किया था और वह हमें मिला है। दीपिका पांडेय सिंह ने दावा किया कि झामुमो के विधायकों के द्वितीय प्राथमिकता का वोट भी कांग्रेस को मिला। दीपिका पांडेय सिंह चुनाव परिणाम का असर सरकार पर पडने के सवाल पर कहा कि यह कहना जल्दीबाजी होगी, लेकिन मंथन तो होगा।

**चंदे पर डाका: आस्था, प्रशासन और जवाबदेही पर गंभीर सवाल, कब होगी प्राथमिकी**

# 11 माह में 83 करोड़ दान, सुरक्षा पर 10 करोड़ खर्च, फिर भी चोरी

**अयोध्या:** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की राशि में कथित गड़बड़ी को लेकर जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए और चौंकाने वाले तथ्य सामने आने की चर्चा तेज हो गई है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की पड़ताल अब केवल धन के संभावित गबन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि पूरे प्रशासनिक, प्रबंधकीय और निगरानी तंत्र की व्यापक समीक्षा की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच के तीसरे दिन एसआईटी को कई ऐसे अहम बिंदु मिले हैं, जिनकी अब तक सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं हुई थी। इन्हीं तथ्यों के आधार पर टीम यह समझने का प्रयास कर रही है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां कैसे बनीं, जिनमें अनियमितताओं को अंजाम दिया गया। हालांकि इन तथ्यों का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन संकेत स्पष्ट हैं कि दान संग्रह, गणना, रख-रखाव और निगरानी से जुड़ी हर कड़ी की गहन जांच की जा रही है।



### कौन जिम्मेदार

जांच का सबसे महत्वपूर्ण पहलू जवाबदेही तय करना माना जा रहा है। एसआईटी अब केवल यह नहीं देख रही कि अनियमितता किसने की, बल्कि यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह संभव कैसे हुआ। यही सवाल आने वाले दिनों में बड़े खुलासों का आधार बन सकता है। एजेंसियां यह भी जांच रही हैं कि यह मामला किसी एक व्यक्ति की भूमिका का परिणाम है या फिर पूरी व्यवस्था की कमजोरी ने इसे जन्म दिया।

### व्यवस्था पर सवाल

ट्रस्ट के वित्तीय दस्तावेजों के अनुसार, मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर बीते 11 महीनों में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके बावजूद दान पेटियों से चोरी और धनराशि में गड़बड़ी सामने आना सुरक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है। परिसर में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे और निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद इस तरह की घटनाएं होना चिंताजनक माना जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल 2025 से 28 फरवरी 2026 के बीच मंदिर को करीब 83 करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ। इसमें नकदी के साथ-साथ सोना, चांदी और कीमती आभूषण भी शामिल हैं। इतनी बड़ी राशि के बावजूद निगरानी में कमी सामने आना जांच एजेंसियों के लिए गंभीर विषय बन गया है।

### अब तक एफआईआर नहीं, उठ रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। कई पूर्व डीजीपी ने इसे गंभीर आपराधिक कृत्य बताते हुए तत्काल केस दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी अनियमितता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस मामले को महापाप करार देते हुए कहा कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर वित्तीय अनियमितता बेहद गंभीर है। उन्होंने जांच को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की मांग की।

### सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़!

जांच के दौरान एसआईटी को ऐसे संकेत मिले हैं कि सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ की गई हो सकती है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन यदि यह सच साबित होता है तो मामला और गंभीर हो जाएगा। टीम ने इस संबंध में कई कर्मचारियों और संदिग्धों से पूछताछ की है।

### 200 लोग लिस्ट में, लगातार पूछताछ, कई जवाब अधूरे

एसआईटी अब तक 200 से अधिक लोगों की सूची तैयार कर चुकी है, जिनमें से करीब 125 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। कई जिम्मेदार अधिकारी सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं, जिससे जांच और जटिल होती जा रही है।

# हाई कोर्ट ने पुल-पुलियों के गिरने के मामले में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से मांगा विस्तृत शपथ पत्र




**रांची।** झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित पुल-पुलियों के गिरने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से संबंधित जनहित याचिका पर गुरुवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। जनहित याचिका दायर करने वाले पंकज कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से राज्य में निर्मित कई पुल-पुलियां ध्वस्त हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा निर्धारित समय पर शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। खंडपीठ ने विभागीय सचिव को अगली सुनवाई तक विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने पूछा है कि राज्य में विभाग की ओर से बनाए गए कितने पुल और पुलियां गिरी हैं, इन मामलों में किन अधिकारियों या एजेंसियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है तथा आरोपितों पर क्या दंडात्मक कदम उठाए गए हैं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को निर्धारित की है। इस दौरान सचिव ग्रामीण विकास विभाग को सभी आवश्यक तथ्यों और कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि उसके पूर्व आदेश के बावजूद विभागीय सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल नहीं किया गया और उनकी जगह मुख्य अभियंता ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया। इस पर खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या विभागीय सचिव को अदालत के आदेश की जानकारी नहीं थी। अदालत ने कहा कि फरवरी 2026 में पारित आदेश में स्पष्ट रूप से ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से जवाब तलब किया गया था। ऐसे में सचिव की बजाय मुख्य अभियंता द्वारा शपथ पत्र दाखिल किया जाना न्यायालय के आदेश की अवहेलना माना जा सकता है। खंडपीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मामला अवमानना की श्रेणी में भी आ सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। इसी संदर्भ में दायर जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय गंभीरता से सुनवाई कर रहा है। अब सभी की निगाहें 2 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले विस्तृत जवाब पर टिकी हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कंप्यूटर आधारित झारखंड इंटरमीडिएट और स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर प्रशासन ने परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची कुमार रजत ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश 22 जून से 24 जून 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्त आदेश पर परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन को आशंका है कि असामाजिक तत्व भीड़ एकत्र कर परीक्षा संचालन में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने एवं किसी भी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश रांची के इरबा स्थित आई क्यूब डिजिटल, मेडांटा अस्पताल के निकट स्थित परीक्षा केंद्र पर लागू रहेगा। प्रशासन ने अभ्यर्थियों और आम नागरिकों से आदेश का पालन करने और परीक्षा के सुचारू संचालन में सहयोग करने की अपील की है।

**भाजपा** ▶ **झारखंड प्रदेश के नेताओं ने दी बधाई**

# नाथवानी की जीत पर भाजपा उत्साहित



**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की प्रचंड जीत पर झारखंड भाजपा काफी उत्साहित है। भाजपा नेताओं ने पहले ही परिमल नाथवानी की जीत का दावा किया था जो सच साबित हुआ। कांग्रेस की सारी रणनीति बेकार साबित हुई और एनडीए समर्थित प्रत्याशी ने जीत का परचम लहरा दिया। परिमल नाथवानी की जीत पर झारखंड विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई दी। वहीं परिमल नाथवानी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी भव्य स्वागत किया गया। परिमल नाथवानी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### जीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा : आदित्य

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह विजय एनडीए की एकजुटता, सशक्त संगठन और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और जनकल्याण आधारित नीतियों पर मुहर भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता तो पहले ही नकार चुकी है, झारखंड ने भी आज कांग्रेस को पूरी तरह खारिज कर दिया। कांग्रेस को अब लोग तनिक भी पसंद नहीं करते हैं। एनडीए के सारे विधायकों ने एकजुट होकर मतदान किया जो कांग्रेस के उस दावे पर करारा तमाचा है जिसमें एनडीए विधायकों को लेकर ये लोग तरह तरह का अफवाह फैला रहे थे। जिस कांग्रेस को अपना स्थानीय पोलिंग एजेंट तक नहीं मिला, उस पार्टी के बारे में बात करना ही बेकार है।

### नाथवानी की जीत थी तय : बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी से ही एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत तय हो गई थी। वे 12 वर्षों तक झारखंड से कुशल नेतृत्व किए हैं, इस दौरान इन्होंने अपने कार्यों से अपनी एक अलग साख और विश्वास को बनाया है, इसलिए ये राज्य की राजनीति के लिए कोई अपरिचित चेहरा नहीं थे। निर्दलीय प्रत्याशी होने के कारण इनके लिए झारखंड के सभी 81 विधायक इनके लिए वोटर थे। विधायकों ने राज्यहित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को सर्वोपरि रखते हुए पूरे विवेक से अपने मत का सदुपयोग किया है। ये पहले भी अच्छे सांसद साबित हुए हैं और आगे भी अच्छे सांसद साबित होंगे। मरांडी ने कहा कि यह परिणाम कोई अप्रत्याशित नहीं है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार तो पहले से ही तय थी। जिस कांग्रेस को अपने विधायकों और स्थानीय कार्यकताओं/नेताओं पर भरोसा नहीं हो, वह चुनाव जीतने का सोच भी कैसे सकती है। मरांडी ने एनडीए गठबंधन एवं राज्य के विकास के प्रति संकल्पित सभी विधायकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन सभी ने परिमल नथवानी के पक्ष में मतदान कर विकासोन्मुख राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का कार्य किया है। वहीं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह जीत एनडीए की एकजुटता और मजबूत संगठन का परिणाम है। एकता और संगठन की शक्ति जब संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो हर लक्ष्य आसान हो जाता है। एकजुट प्रयास ही सफलता की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि विश्वास है कि परिमल नाथवानी अपने अनुभव और जनसेवा के संकल्प के साथ झारखंड एवं देशहित में निरंतर कार्य करेंगे।

### झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए अपनी कर्मभूमि लौटा : नाथवानी

भाजपा प्रदेश कार्यालय में परिमल नाथवानी ने कहा कि 2008 और 2020 के बीच झारखंड से एक स्वतंत्र (निर्दलीय) सांसद के रूप में दो अत्यधिक प्रभावशाली और लगातार कार्यकाल उन्होंने पूरा किया है। झारखंड से उनका पुनः चुना जाना उस राज्य में एक ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है जिसे वे लंबे समय से संजोते रहे हैं। झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए वे अपनी कर्मभूमि वापस लौटे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, झारखंड भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू, झारखंड विधानसभा में भाजपा के नेता बाबूलाल मरांडी, झारखण्ड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक नवीन जयसवाल के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के सभी प्रमुख नेताओं के साथ सभी विधायकों के प्रति अपनी जीत सुनिश्चित करने में उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। नथवाणी ने कहा कि यहां एक दशक से अधिक का समय बिताने के कारण, झारखंड मेरे लिए नया नहीं है। यह मेरी कर्मभूमि है। यहां के लोगों की एक बार फिर सेवा करने का अवसर मिलने के लिए दिल की गहराई से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरा प्राथमिक ध्यान मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। जहां हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर ही स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए मजबूत कौशल विकास कार्यक्रम चलाने और कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करना है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का विकास करना, स्वास्थ्य सुविधाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा मेरे फोकस क्षेत्र (प्रमुख ध्यान देने योग्य क्षेत्र) होंगे।

## कांग्रेस का बिकने का इतिहास, दूसरों पर उंगली उठाने से पहले झांके अपने गिरेबान में : माले



**रांची।** भाकपा (माले) के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी के दोनों विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया। मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी की ओर से पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो और केंद्रीय कमिटी सदस्य गीता मंडल अधिकृत एजेंट के रूप में मौजूद थे और उन्होंने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से अधिकृत एजेंट हलधर महतो वहां मौजूद थे। राज्य सचिव ने कहा कि पार्टी के विधायकों ने वोट देकर उन्हें दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के विधायकों ने कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा को ही वोट किया है। मनोज भक्त ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के परिणाम से साफ है कि कांग्रेस अपने विधायकों को संभालने में विफल रही है। कांग्रेस अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रही है। कांग्रेस का बिकने का इतिहास रहा है। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाकपा (माले) इंडिया गठबंधन की एक जिम्मेदार सहयोगी पार्टी है और उसने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया है। इसलिए निराधार आरोप लगाने के बजाय कांग्रेस नेतृत्व को अपने भीतर हुई टूट और क्रॉस वोटिंग के कारणों की गंभीर समीक्षा करनी चाहिए।

## रांची से बेंगलुरु-हैदराबाद के लिए जल्द मिल सकती है नई ट्रेन की सौगात

**रांची।** रांची से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए जल्द बड़ी राहत मिलने की संभावना है। रेलवे ने रांची से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए नई ट्रेनों के संचालन का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अगले एक महीने के भीतर दोनों ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सकता है। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दक्षिण भारत जाने वाली ट्रेनों में लगातार बढ़ रही भीड़ और लंबी वेटिंग सूची को देखते हुए यह पहल की गई है। नई ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में आसानी होगी और हवाई यात्रा के महंगे विकल्प पर निर्भरता भी कम होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु रेलखंड पर चल रहे आवश्यक विकास कार्यों के पूरा होने के बाद नई ट्रेन चलाने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। प्रस्तावित रांची-बेंगलुरु ट्रेन बरकाकाना, गया, जबलपुर, नागपुर, काजीपेट और धर्मावरम होते हुए बेंगलुरु पहुंचेगी। इससे झारखंड के यात्रियों को दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों तक सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी। इसके अलावा रांची से हैदराबाद के लिए भी नई ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। दोनों ट्रेनों को सप्ताह में चार-चार दिन संचालित करने का प्रस्ताव है। इससे छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यवसायियों और दक्षिण भारत में रहने वाले झारखंड के लोगों को सुविधा होगी।

**सीए की फाइनल परीक्षा में रांची केंद्र से दोनों ग्रुप में 14 छात्र सफल, प्रखर आर्यन ने किया टॉप**

# कठिन परिश्रम से द्वितीय ग्रुप में 10 छात्र हुए सफल



**रांची।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से मई-2026 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (फाइनल) परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। देश और विदेश के कुल 544 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रथम ग्रुप में 12 प्रतिशत, द्वितीय ग्रुप में 20.49 प्रतिशत और दोनों ग्रुप में सम्मिलित परीक्षार्थियों में से 14.07 प्रतिशत छात्र सफल घोषित हुए हैं। अखिल भारतीय स्तर पर पटियाला के नूर सिंगला ने 600 अंकों में से 499 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं हावड़ा के ऋतिज सर्राफ ने 475 अंक प्राप्त कर द्वितीय और मुंबई के डोम्बिवली (ईस्ट) के सोहन अनिल मांजरेकर ने 473 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। घोषित परिणाम के अनुसार रांची परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी बेहद सराहनीय रहा। रांची केंद्र से दोनों ग्रुप में सम्मिलित कुल 89 परीक्षार्थियों में से 14 छात्र दोनों ग्रुप में और 10 छात्र द्वितीय ग्रुप में सफल हुए हैं। इसके अलावा केवल प्रथम ग्रुप में सम्मिलित 117 छात्रों में से 07 और केवल द्वितीय ग्रुप में सम्मिलित 60 छात्रों में से 13 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। रांची परीक्षा केंद्र में प्रखर आर्यन ने 389 अंक प्राप्त कर टॉप किया है, जबकि आस्था मिमानी ने 372 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, कृष जायसवाल ने 370 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, विशेष गखर ने 342 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान और विशेष जैन ने 330 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर आईसीएआई रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन और रांची शाखा के सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। उन्होंने संयुक्तय रूप से कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की परीक्षा देश की सबसे चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक परीक्षाओं में से एक है। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों का कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास निहित है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के आर्थिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का आधार भी बनेगी। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक जीवन के लिए बधाई दी है। वहीं आईसीएआई के अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी ने सभी नव-उत्तीर्ण चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का राज आपके अंदर ही छिपा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत, सफल होने के पक्के इरादे, मुश्किलों का सामना करने की हिम्मत और हमेशा प्रेरित रहने की क्षमता से वे सफल हुए हैं। लगातार सीखते रहने का छात्रों का जज्बा जीवन में और भी बड़ी उपलब्धियों का रास्ता खोलेगा। जब आप प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे में कदम रख रहे हैं, तो मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आप ईमानदारी, नैतिकता और समाज सेवा जैसे इसके मुख्य मूल्यों को बनाए रखें और भारत की तरक्की और विकास में सार्थक योगदान दें। आपका ज्ञान, प्रोफेशनलिज्म और समर्पण हमारे देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाए और एक मजबूत व समृद्ध भारत बनाने में मदद करे।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों के सात की क्राइम मीटिंग : भू-माफियाओं और साइबर अपराधियों पर सख्ती के निर्देश



## लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** एसपी कपिल चौधरी ने जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को अपने ऑफिस में क्राइम मीटिंग की। बैठक में सभी एसडीपीओ एवं थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, अपराधियों पर कड़ी निगरानी और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में साइबर अपराध, एनडीपीएस एक्ट के मामले, भू-माफियाओं की गतिविधियां तथा लापता व्यक्तियों से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि जिले के चिन्हित भू-माफियाओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। संबंधित थाना प्रभारियों को उनकी नियमित थाना हाजिरी सुनिश्चित कराने तथा गतिविधियों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि संबंधी अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने बताया कि जेल में बंद अपराधियों के आपराधिक इतिहास की समीक्षा की गई है, वहीं जेल से बाहर आ चुके अपराधियों की गतिविधियों पर भी सतत निगरानी रखने को कहा गया है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में त्वरित अनुसंधान एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 30 चेकिंग प्वाइंट बनाकर चार स्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही क्यूआर कोड आधारित पुलिस सहायता प्रणाली को जल्द पूरी तरह लागू करने की तैयारी चल रही है। बैठक में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने तथा लापता व्यक्तियों की खोज में तेजी लाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### नशामुक्त समाज के लिये पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान

**हरिहरपुर/विशुनपुरा :** गढ़वा जिले में राज्य सरकार के निर्देश पर नशामुक्त समाज निर्माण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हरिहरपुर और विशुनपुरा थाना क्षेत्रों के विद्यालयों में पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां स्थित आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय में ओपी प्रभारी नसीम अंसारी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं को नशाखोरी के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह आर्थिक बबार्दी, अपराध और पारिवारिक हिंसा का भी प्रमुख कारण बनता है। छात्रों को समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, डायल 112 के उपयोग, यौन अपराधों से बचाव और समाज में व्याप्त अन्य कुरीतियों के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षित समाज की सबसे मजबूत नींव है। इसी तरह विशुनपुरा थाना क्षेत्र के संध्या स्थित मध्य विद्यालय में थाना प्रभारी राहुल सिंह के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। दोनों स्थानों पर पुलिस ने छात्रों से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिये आगे आएं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

**अभियान** प्लस टू हाईस्कूल में जागरूकता अभियान में थानेदार ने कहा

# परिवार व समाज को बर्बाद कर देती है नशा

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने गुरुवार को यहां प्लस टू हाईस्कूल में नशा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाये गये जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, यातायात सुरक्षा, बाल विवाह तथा डायल-112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें नशामुक्ति को लेकर संकल्प दिलाया गया। उस मौके पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसी दीमक है, जो न केवल व्यक्ति के शरीर को खोखला करती है। बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा कि आज विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी मादक पदार्थों की गिरफ्त में आ रही है। नशे की शुरूआत अक्सर शौक या दोस्तों के दबाव में होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह एक ऐसी जानलेवा लत बन जाती है जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपना शारीरिक, मानसिक और आर्थिक संतुलन खो बैठता है। इसके कारण घर में तनाव, हिंसा और अलगाव की स्थिति पैदा होती है, जिससे मारपीट और हत्याएं तक की घटनाएं हो रही है।

थाना प्रभारी ने कहा कि जब युवा नशे की राह पर चलते हैं, तो देश का भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। नशामुक्ति केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें यह समझना होगा कि नशे से मुक्ति पाकर ही युवा एक विकसित और सशक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम खुद किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और यदि हमारे आसपास कोई इस लत का शिकार है, तो हम उसका उपहास उड़ाने के बजाय उसे सही मार्गदर्शन देंगे और नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाने में मदद करेंगे। अंत में उन्होंने कहा जन-जन का एक ही नारा, नशा-मुक्त हो समाज हमारा। थाना प्रभारी ने जागरूकता अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों एवं बाल विवाह के बारे में भी जागरूक किया और कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में उन्होंने बताया कि आज के समय में सड़कें केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने का माध्यम नहीं रह गई हैं, बल्कि ये हमारी लापरवाही के कारण असुरक्षित होती जा रही हैं। भारत में हर साल लाखों सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण जल्दबाजी, नियमों की अनदेखी, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाईल का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। अंत में उन्होंने कहा कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी इस मूल मंत्र को हमेशा याद रखें। सुरक्षित रहें और सुरक्षित यात्रा करें। बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुये उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि कानूनन एक अपराध भी है। हमारे देश में सदियों से चली आ रही यह कुरीति आज भी कई ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यह केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों, विशेषकर बच्चियों के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। यदि कहीं भी बाल विवाह हो रहा हो, तो हमें आगे आना चाहिये और पुलिस या चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर (1098) पर इसकी सूचना देनी चाहिये। अंत में उन्होंने कहा कि बच्चों की जगह स्कूल है, मंडप नहीं। उस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार पांडेय समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## तीन परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी में होगी नीट परीक्षा



**गढ़वा :** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) 2026 (री-नीट) को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी शुरू कर दी है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिये गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिले में इस बार तीन परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इनमें एसएसजेएस नामधारी कॉलेज, आरके प्लस टू गोविंद उच्च विद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गढ़वा शामिल हैं। डीसी ने सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बिजली, प्रकाश व्यवस्था और परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। डीसी ने सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के अनिवार्य उपयोग का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्रों में मोबाईल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर समेत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन जांच की जायेगी और हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप आयोजित होगी। बैठक में जानकारी दी गई कि इस बार अभ्यर्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है। यह समय बायोमेट्रिक सत्यापन, उपस्थिति दर्ज करने और पहचान पत्र जांच जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं के लिये निर्धारित किया गया है। बैठक में एसपी आशुतोष शेखर, डीईओ कैसर रजा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## नाना चुड़ासमा का जन्मदिन गौसेवा के साथ मनाया गया




**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली द्वारा जायंट्स इंटरनेशनल के संस्थापक नाना चुड़ासमा का जन्मदिन विशेष तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन गौशाला में किया गया, जहां केक काटने के साथ-साथ गौ माता की सेवा कर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला में उपस्थित सदस्यों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशी साझा की। इसके बाद गौ माता को पोषाहार के रूप में सोया बड़ी खिलाई गई। आयोजन में मौजूद महिलाओं और सदस्यों ने कहा कि जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और परोपकार के रूप में मनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की सदस्यों ने बताया कि संस्था हमेशा सामाजिक कार्यों और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रहती है। गौ सेवा के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने गौसेवा और सामाजिक कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




**रमना :** राज्य सरकार के निर्देश पर चलाये जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया तथा सखी मंडल की दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिये घातक है। इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है तथा सामाजिक एवं आर्थिक समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने सभी लोगों से नशा मुक्ति का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। अभियान में पंचायत पर्यवेक्षक विनोद राम, नाजिर दीपक दुबे, सहायक राहुल प्रकाश, गृजेश कुमार शर्मा, किरण कुमारी, सविता देवी, किरण देवी सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

**डीसी ने सीएसआर समिति की बैठक, कहा-सीएसआर के माध्यम से**

# विकास कार्यों को मिलेगी नयी गति

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को जिला स्तरीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति की बैठक की।

उस मौके पर ने कंपनियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति जैसे क्षेत्रों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए प्लेट एवं ग्लास उपलब्ध कराने, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पांकी की छात्राओं को 160 स्कूल बैग उपलब्ध कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय सुविधाओं के विस्तार के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अलावा टीबी मरीजों को पोषण पोटली, सीसीएल के उन्नति कृषि कार्यक्रम के लिए उपकरण तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, मनातू में कंप्यूटर लैब हेतु 33 कंप्यूटर उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर भी सहमति बनी। बैठक में डीसी ने कहा कि सीएसआर केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास में कॉर्पोरेट संस्थानों की महत्वपूर्ण भागीदारी का प्रभावी माध्यम है।

बैठक में डीडीसी सादात अनवर, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीडब्ल्यूओ प्यारेलाल, डीपीओ शिशिर तिग्गा, एलडीएम, सीसीएल रांची के प्रतिनिधि, फेयर माइंस कार्बन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित जिले में कार्यरत विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# फुटबॉल स्टेडियम में रोजाना चल रहा योग प्रोटोकॉल अभ्यास



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के गर्ल्स हाईस्कूल के समीप फुटबॉल स्टेडियम प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। योगाभ्यास में काफी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और स्वस्थ जीवन के लिये योग अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम में रासबिहारी तिवारी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। मौके पर सुशील केशरी ने बताया कि वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रखी गई है। उन्होंने कहा कि योग बढ़ती उम्र में भी शरीर और मन को स्वस्थ रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। योग हमारी प्राचीन विद्या है, जिस पर आज दुनिया भर में शोध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वहीं रासबिहारी तिवारी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाता, बल्कि मन और चित्त को भी संतुलित करता है। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि 19 जून की सुबह फुटबॉल स्टेडियम से मझिआंव मोड़ तक योग जागरूकता प्रभात फेरी भी निकाली जायेगी। कार्यक्रम के अंत में करें योग, रहें निरोग का संदेश दिया गया। मौके पर संतोष पांडेय, संतोष चौबे, प्रदीप केशरी, मधु केशरी, संध्या केशरी, देवंती देवी, किरण गुप्ता, योगेंद्र सोनी, रमेश सोनी, जयप्रकाश केशरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### अनैतिक गतिविधियों को लेकर रेस्टोरेंट पर छापेमारी, दो जोड़ों से पूछताछ

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के जपला-हैदरनगर मुख्य मार्ग स्थित आदित्य रेस्टोरेंट में गुरुवार को प्रशासन की अचानक हुई छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) समीर अल्फ्रेड मुर्मू के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट के अलग-अलग कमरों से दो युवक और दो युवतियां मिलीं। सभी को पूछताछ के लिए हैदरनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जन समाधान कार्यक्रम के दौरान प्रशासन को शिकायत मिली थी कि उक्त रेस्टोरेंट में कथित रूप से अनैतिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने प्रशासनिक टीम के साथ अचानक छापेमारी की। एसडीएम समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने बताया कि जांच के दौरान रेस्टोरेंट के कमरों से दो युवक और दो युवतियां मिलीं। सभी बालिग हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी अवैध गतिविधि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में अनैतिक देह व्यापार या अन्य अवैध गतिविधियों से जुड़े साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों और प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन रेस्टोरेंट के संचालन से जुड़े दस्तावेज, आगंतुक रजिस्टर, कमरों के उपयोग से संबंधित रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक अभिलेखों की भी जांच कर रहा है।

**गढ़वा** ग्रामीण आजीविका योजनाओं की डीसी ने की सख्त समीक्षा

# योजनाओं की प्रगति का बिंदुवार आकलन

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** ग्रामीण आजीविका और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन और उपलब्धियों का बिंदुवार आकलन किया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं विस्तार, एनआरएलएम, डीडीयू-जीकेवाई, फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश, स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम, माईक्रो एंटरप्राईजेज डेवलपमेंट, बैंक लिंकेज, सामुदायिक निवेश निधि, लखपति दीदी अभियान, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पात्र परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिये विशेष अभियान चलाया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये नियमित प्रशिक्षण, क्षमता विकास और सतत मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने बैंक लिंकेज की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित ऋण प्रस्तावों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान कुछ योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं मिलने पर डीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाते हुये अगली समीक्षा बैठक तक निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी पर भी जोर दिया। डीसी ने कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक बिमलेश शुक्ला सहित सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, आजीविका समन्वयक और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे कोर्ट की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए बीएनएस लॉ कॉलेज के विद्यार्थी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** बीएनएस लॉ कॉलेज, डाल्टनगंज के सत्र 2024-27 के द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत पलामू व्यवहार न्यायालय एवं रेलवे कोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने न्यायिक प्रक्रियाओं का अवलोकन किया तथा ई-फाइलिंग प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। रेलवे कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारी प्रज्ञेश निगम ने विद्यार्थियों को रेलवे अधिनियम, 1989 की उपयोगिता एवं रेलवे से संबंधित विभिन्न अपराधों की श्रेणियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जीआरपी और आरपीएफ की भूमिकाओं में अंतर समझाते हुए कहा कि जीआरपी राज्य सरकार के अधीन कार्य करती है, जबकि आरपीएफ रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार केंद्रीय बल है। कॉलेज के प्राचार्य पंकज कुमार ने कहा कि विधि शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जा सकता। विद्यार्थियों में व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिए न्यायालयों और कानूनी संस्थाओं का प्रत्यक्ष अनुभव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### ग्रामीणों को अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत सचिवालय में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और कानूनी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पंचायत सचिव सुष्मिता चौबे ने कहा कि आज की नारी अब अबला नहीं, बल्कि सबला है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुये बताया कि उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर बनाना और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर राजेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल सुरक्षा और सुरक्षित बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये बैंकिंग प्रणाली की सही जानकारी होना जरूरी है। कार्यक्रम में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी सहित पीएलवी कैमुद्दीन अंसारी, महेंद्र ठाकुर, अमरेंद्र कुमार और सुनील मिंज ने भी लोगों को जागरूक किया। पीएलवी राजेश ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाना है। वहीं कैमुद्दीन अंसारी ने सड़क दुर्घटनाओं और मुआवजा से संबंधित जानकारी दी। महेंद्र ठाकुर ने राशन, पेंशन, नशाखोरी और सामाजिक भेदभाव के मुद्दों पर जागरूक किया, जबकि अमरेंद्र कुमार ने बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यापार और शिक्षा-स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। सुनील मिंज ने लोगों को लंबित मामलों के समाधान के लिए सुलह-समझौते के माध्यम से निपटारे की सलाह दी। मौके पर वार्ड सदस्य सुमन सिंह, समाजसेवी तेयोफिल लकड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और सहिया कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मत्स्य तालाब जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता के आरोप



**भंडरिया :** प्रखंड मुख्यालय के समीप चल रहे मत्स्य तालाब जीर्णोद्धार कार्य को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आये हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी और भाजपा मंडल अध्यक्ष ललन कुमार सहित कई कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और स्थिति पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान नौका लोदीडीह ग्राम स्थित दुर्गा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में कई खामियां पाई गईं। ओमप्रकाश केशरी ने आरोप लगाया कि यह कार्य मत्स्य विभाग का है, लेकिन निविदा भवन निर्माण विभाग के माध्यम से कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस कार्य में पारदर्शिता की कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बरसात से ठीक पहले शुरू हुआ मिट्टी का कार्य धीमी गति से चल रहा था और 17 जून को इसे अचानक बंद कर दिया गया। साथ ही अब तक न तो योजना का शिलान्यास किया गया है और न ही कार्यस्थल पर योजना बोर्ड लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब के जीर्णोद्धार में सिर्फ एक तरफ की मिट्टी काटी गई है, जबकि अन्य हिस्सों में पोकलेन से बांध की मिट्टी को समतल कर औपचारिकता पूरी की गई है। कुछ जगहों पर घास को केवल मिट्टी से ढककर काम पूरा दिखाने का प्रयास किया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह तालाब पहले आसपास के खेतों और पशुओं के लिए जीवनदायिनी रहा है, और इस योजना से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन कार्य की मौजूदा स्थिति देखकर ग्रामीणों में निराशा देखी जा रही है। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री विनय जायसवाल, प्रेमनाथ ठाकुर, दिगविजय सिंह, रूपेश बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांडी में नशा मुक्ति के लिये महिलाओं ने संभाला मोर्चा, निकाली रैली

# गांव-गांव जाकर लोगों को किया जागरूक

बंशीधर न्यूज




**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रभाव को रोकने और ग्रामीण परिवारों को बबार्दी से बचाने के लिये महिलाओं ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में जय मां आजीविका सखी मंडल के तत्वावधान में व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सीएलएफ सबिता देवी ने किया। इस दौरान महिलाओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया और नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। अभियान के तहत महिलाओं की टोली ने अमडीहा, जमुआ, भीलमा, पतीला, मुखापी, रानाडीह, सुंडीपुर, बलियारी, सनपूरा और गड़ा खुर्द समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया। गांवों में घूम-घूमकर महिलाओं ने नशा विरोधी नारे लगाये और लोगों को शराब एवं अन्य नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। महिलाओं की इस पहल को ग्रामीणों का भी अच्छा समर्थन मिला।

अभियान में शामिल महिलाओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि कई परिवार नशे की वजह से टूट रहे हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ऐसे में समाज को जागरूक करना बेहद जरूरी है। सीएलएफ सबिता देवी ने कहा कि महिलाओं ने समाज हित में यह अभियान शुरू किया है और इसे लगातार जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक गांव और समाज पूरी तरह नशामुक्त नहीं हो जाता, तब तक जागरूकता अभियान रुकने वाला नहीं है। महिलाओं ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार और समाज निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। अभियान में शामिल महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया और ग्रामीणों से नशा छोड़ स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन अपनाने की अपील की।



## राहा कपूर में दिखी मां आलिया भट्ट की झलक

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी बेटी राहा कपूर को लेकर दिलचस्प बातें शेयर की हैं। एक कार्यक्रम के दौरान आलिया ने बताया कि छोटी उम्र में ही राहा में अभिनय और मंच से जुड़ी गतिविधियों के प्रति खास रुचि दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह वह बचपन में आईने के सामने अभिनय और डांस किया करती थीं, वैसी ही झलक अब राहा में भी नजर आती है। आलिया के अनुसार राहा केवल कला ही नहीं, बल्कि खेलकूद में भी काफी दिलचस्पी लेती है। अभिनेत्री ने बताया कि राहा को संगीत सुनना, डांस करना और नए डांस स्टेप्स सीखना बेहद पसंद है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उनकी बेटी काफी इफ्लिमीर है और मनोरंजन से जुड़ी चीजों में विशेष रुचि रखती है। आलिया इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अल्फा' की तैयारियों में व्यस्त हैं। गौरतलब है कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने अप्रैल 2022 में शादी की थी। उसी वर्ष 6 नवंबर को उनके घर बेटी राहा का जन्म हुआ। कपूर परिवार की सबसे छोटी सदस्य राहा अक्सर अपनी मासूमियत और प्यारी तस्वीरों को लेकर चर्चा में रहती हैं, वहीं आलिया की ताजा टिप्पणी के बाद अब फैंस को लगने लगा है कि वह भी भविष्य में अपने माता-पिता की तरह मनोरंजन जगत का हिस्सा बन सकती हैं।

## अपने असली हिंदू नाम का राज खोलकर चर्चा में आईं जीनत अमान



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक दिलचस्प खुलासा कर सबका ध्यान खींचा है। एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान जीनत ने पहली बार अपना हिंदू नाम सार्वजनिक करते हुए बताया कि उनकी मां ने उनका नाम 'ललितेश्वरी' रखा था, जबकि पिता की ओर से उनका नाम जीनत अमान रखा गया। उन्होंने कहा कि उनकी मां एक धार्मिक हिंदू महिला थीं, जो रोजाना कई घंटे पूजा-पाठ करती थीं। जीनत ने बताया कि उनका पालन-पोषण विभिन्न संस्कृतियों और धार्मिक परंपराओं के बीच हुआ। उनकी मां हिंदू थीं, पिता मुस्लिम थे, उन्होंने कैथोलिक स्कूल में पढ़ाई की और उनके सौतेले पिता जर्मन थे। इसी वजह से उन्होंने खुद को किसी एक धर्म तक सीमित नहीं रखा। अभिनेत्री का मानना है कि सभी धर्म इंसानियत, प्रेम और शांति का संदेश देते हैं और यही मूल्य उनके जीवन का आधार हैं। अपने विचार शेयर करते हुए जीनत ने कहा कि मानवता, दया, समानता और इंसानों व जानवरों के प्रति प्रेम ही उनका असली धर्म है। 1970 और 80 के दशक में अपने ग्लैमरस अंदाज और अलग तरह के किरदारों से बॉलीवुड की पारंपरिक नायिका की छवि बदलने वाली जीनत आज भी अपनी बेबाक राय और जीवन दर्शन के लिए चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अपने दौर में धर्मेंद्र, शशि कपूर और ऋषि कपूर जैसे कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम कर हिंदी सिनेमा में एक अलग पहचान बनाई।

## अमेरिका-ईरान समझौते पर ट्रंप और पेजेशकियन ने किए हस्ताक्षर



# शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर स्थित कर्बला मैदान में शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अल्पसंख्यक विभाग के विधायक प्रतिनिधि तस्लीम खान, सदर तौहिद खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर तौवाब खान तथा सरपरस्त महमूद आलम सीनियर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के विधायक प्रतिनिधि तस्लीम खान ने अपने संबोधन में कहा कि कर्बला का इतिहास त्याग, बलिदान और सत्य के लिये संघर्ष की गाथा है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत पूरी मानवता के लिये प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें कर्बला के संदेश को अपने जीवन में उतारते हुये इंसानियत, भाईचारे और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिये। कार्यक्रम में प्रतापपुर से आये कारी खुर्शीद अनवर ने शोहदा-ए-कर्बला की शहादत, त्याग और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों को कर्बला की ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश इंसानियत, सत्य और न्याय के लिये संघर्ष की प्रेरणा देता है। कॉन्फ्रेंस के दौरान कर्बला के शहीदों को याद करते हुये उनके बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव तुफैल गब्बर खान, खजांची शेर मोहम्मद, वार्ड पार्षद शकील अहमद, नायब सदर हसनैन खान, फैयाज खान, खुर्शीद खान, मुन्ना खान, हाजी अजीमुल्लाह खान, फूलटुन खान, पिंटू खान, अख्तर खान,साजिद खान, फिरोज खान,राजा खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गढ़वा रोड जंक्शन पर ठंडे पेयजल का संकट, दो माह से खराब पड़े पांचों वाटर कूलर



**गढ़वा रोड :** भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के रेलवे के दावे गढ़वा रोड जंक्शन पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। धनबाद रेल मंडल के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन गढ़वा रोड जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक एवं दो पर लगाये गये सभी पांच वाटर कूलर पिछले करीब दो माह से खराब पड़े हैं। इसके कारण प्रतिदिन हजारों यात्रियों को गर्मी में ठंडा पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म संख्या एक पर तीन तथा प्लेटफार्म संख्या दो पर दो वाटर कूलर लगाये गये हैं। यात्रियों की सुविधा के लिये स्थापित ये मशीनें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, लेकिन अब तक इनके मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। नतीजतन यात्रियों को मजबूरन सामान्य पानी पीना पड़ रहा है या फिर बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में रेलवे स्टेशन पर ठंडे पेयजल की व्यवस्था नहीं होना गंभीर लापरवाही है। कई यात्रियों ने स्थानीय रेल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अब तक न तो खराब मशीनों की मरम्मत कराई गई और न ही वैकल्पिक रूप से शीतल पेयजल की कोई व्यवस्था की गई है। इस सम्बन्ध में आईओडब्ल्यू अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मी इस ओर ध्यान नहीं देते जिसके कारण सभी वाटर कूलर खराब पड़ा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन की उदासीनता के कारण यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से अविलंब सभी वाटर कूलरों को दुरुस्त कराने तथा स्टेशन पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहत मिल सके।

## पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास का किया खुलासा, 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार



**श्री बंशीधर नगर :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का प्रयास किये जाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में जमुआ गांव निवासी लल्लू राम उर्फ लल्लू कुमार (26 वर्ष) एवं उमाशंकर राम उर्फ उमाशंकर कुमार (27 वर्ष) के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने 16 जून को उसी गांव की 50 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म करने, उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने तथा मृत समझकर साक्ष्य छिपाने की नीयत से उसे नदी किनारे फेंक दिया गया था। स्थानीय लोगों ने जब अचेत अवस्था में महिला को देखा तो वह जीवित थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को तुरंत स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल था। घटना के बाद पीड़िता की बहू के द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुये दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि महिला अपराध के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिये पुलिस पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारत विश्व में विश्वसनीय सहयोगी के तौर पर उभर रहा : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया में अब भागीदारी व्यापार पर नहीं बल्कि विश्वास पर निर्भर करने लगी है। विश्वसनीय सप्लाई चैन इसमें बड़ा रोल निभा रही है। ऐसे में भारत अब विश्व में विश्वसनीय सहयोगी के तौर पर उभर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज पेरिस में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। सामुदायिक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में उन्होंने विश्वास पर आधारित साझेदारी पर जोर दिया है। साथ ही विकासशील देशों, वैश्विक दक्षिण की वकालत करते हुए उसे समान भागीदारी दिए जाने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत का संदेश साफ था कि ग्लोबल गवर्नेंस तभी असरदार होगी जब वह सबको साथ लेकर चलने वाली हो। वैश्विक विकास तभी टिकाऊ होगा जब उसका फायदा सबको मिले। और टेक्नोलॉजी से इंसानियत को तभी सही मायने में लाभ होगा जब उस पर भरोसा किया जाए। भारत में बदल रहे परिवेश को भारतीय समुदाय के समक्ष रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक पूरा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत एक साथ हर उस क्षेत्र में निवेश कर रहा है, जो आने वाले दशकों की दिशा तय करेगा। भारत की कहानी केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है बल्कि एक सामाजिक बदलाव को भी दर्शा रही है। पिछले 12 वर्षों में देश के 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान कालखंड भारत की आकांक्षाओं को नई बुलंदियों पर ले जाने का है। पिछले 12 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पादन दोगुना, एयरपोर्ट की संख्या दोगुना, विश्वविद्यालय की संख्या दोगुना, हाईवे निर्माण की गति तीन गुना और मेट्रो नेटवर्क चार गुना बढ़ गया है।

### लातदाग गांव स्थित चोरपनिया टोला में जलमीनार और चापानल पिछले डेढ़ वर्ष से पड़े हैं खराब

# डेढ़ वर्ष से खराब जलमीनार और चापानल, पानी खरीदने को मजबूर ग्रामीण



**मेराल :** प्रखंड के लातदाग गांव स्थित चोरपनिया टोला में जलमीनार और चापानल पिछले डेढ़ वर्ष से खराब पड़े हैं, जिससे दर्जनों परिवार गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग बहुल इस टोले के करीब 25-30 घरों के 100 से अधिक लोग इसी जलस्रोत पर निर्भर थे। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें आपस में पैसा जुटाकर टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है। मजदूरी कर जीवन-यापन करने वाले परिवारों पर इसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने एकत्र होकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा स्थानीय प्रशासन से खराब जलमीनार और चापानल की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने गर्मी को देखते हुये जल्द पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। ग्रामीण बिगन सिंह खरवार, बलराम सिंह खरवार, सुशील यादव, हीराराम चंद्रवंशी, सुधीश राम, प्रताप सिंह खरवार, अनन्या कुमारी, आशीर्वाद यादव, भोलानाथ सिंह, उपेंद्र यादव, रामयाद सिंह खरवार, मनीष सिंह खरवार आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि जलमीनार और चापानल पिछले डेढ़ वर्ष से खराब पड़े हैं। इसकी मरम्मत के लिये कई बार स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट के कारण ग्रामीणों को आपस में पैसा जुटाकर टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से अविलंब जलमीनार और चापानल की मरम्मत कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)